# 'आईपीएस रॉयल फिटनेस एंड वेलनेस सेंटर' ने दत्तवाड़ी में रखा सफल कदम

## > नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित किया

वाडी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरणा लेकर नागपुर के दत्तवाड़ी क्षेत्र में 'आईपीएस रॉयल फिटनेस एंड वेलनेस सेंटर' की शानदार शुरुआत हुई है। यह सेंटर नामदेव लॉन, मंगलधाम सोसाइटी में स्थापित किया गया है और इसका उद्देश्य नागरिकों को फिट और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है।

इस सेंटर की स्थापना से वाड़ी और आसपास के नागरिकों को स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने की दिशा में एक नई राह मिली है। यहां रोजाना सैकड़ों लोग विभिन्न फिटनेस गतिविधियों जैसे व्यायाम, योग, कार्डियो, स्ट्रेचिंग आदि में भाग लेते हैं। इससे न केवल उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सुधर रहा है, बल्कि वे व्यसनों और बुरी आदतों से भी मुक्त हो रहे हैं। इस फिटनेस पहल की सफलता के पीछे रॉयल फिटनेस सिस्टम के महागुरु ग्रेट कोच दिनेश बांगर, कृष्णा बांगर, और स्वास्थ्यदूत एपीआई सोमनाथ पारवे




पाटिल, रवि जाधव, जीतू जाधव, कविता जाधव, मयूरी जैसे समर्पित व्यक्तियों का अहम योगदान है। उनकी विनम्रता और सकारात्मक सोच ने स्थानीय नागरिकों के मन में विशेष स्थान बना लिया है। यह सेंटर केवल व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां लोगों को ध्यान, योगाभ्यास, संतुलित आहार, मोबाइल का सीमित उपयोग, समय पर सोना-जागना जैसी आदतों के लिए भी प्रेरित किया जाता है। इसका उद्देश्य संपूर्ण और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देना है। इस अभियान को सफल बनाने में कई समर्पित सदस्य भी अपना योगदान दे रहे हैं, जिनमें प्रमुख नाम हैं:

विनोद सदार, राजू खोब्रागडे, प्रवीण डाखोरे, रामेश्वर होले, गजानन भालेराव, अजय इक्खार, भीमराव मेश्राम, गोविंद मंडागवले, किरण गावंडे, जितेश पांडे, विशाल वाडेकर, माधव चौधरी, अमोल नावडेकर, महेंद्रसिंह, मनोज सिंह, मोहन पाठक, विजय कावरे, अरुण बागडे, संजय मुटकुरे, विजय बनसोड, दिनेश तिवारी, डॉ. बोरकर, अविन गुप्ता, नितेश बालबुधे, अनिल कुटुमाटे, ओम, अर्थव आदि।

इस फिटनेस अभियान में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। सायली खोब्रागडे, जोश्ना खोब्रागडे, माधुरी शेंडे, रसिका फुलझेले, जया सलामे, ममता चापले, नीलिमा इक्खार, मृणाली वाडेकर, सपना ठाकरे, सुनंदा काले, नलिनी गिरीपुंजे, राजकमल, अंजू सिंह, किरण बोके, नीलिमा चौधरी, स्मिता भांगे, शीतल भांगे, सपना पाटील, सविता पाटील, शोभा रेवतकर, ओजस्वी, रुचिका जाधव, स्वरा जाधव, ईरा जाधव जैसी अनेक महिलाओं ने इस पहल को मजबूत आधार प्रदान किया है।

'आईपीएस रॉयल फिटनेस एंड वेलनेस सेंटर' की यह पहल आने वाले समय में और अधिक नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करेगी और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को और गहराई देगी।

### चार सक्रिय शाखाएं, व्यापक सेवा

- 'रॉयल फिटनेस फैमिली' की चार शाखाएं सक्रिय रूप से स्वास्थ्य सेवाएं दे रही हैं:
- रतन पार्क, दाभा – नेतृत्व: जीतू जाधव
- 8वां माइल – नेतृत्व: फिटनेस कोच रीना बोरकर
- गणेश नगर, झिंगाबाई टाकली – नेतृत्व: अमर राठोड़
- जयताला – नेतृत्व: फिटनेस कोच लोकेश फटिंग
- इन सभी शाखाओं में समर्पणपूर्वक कार्य करते हुए नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाया जा रहा है।

# बाल यौन शोषण और बाल अपराधों से सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नागपुर.

नागपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों के लिए बाल यौन शोषण और बाल अपराधों की रोकथाम को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) नागपुर और होप फॉर द चिल्ड्रन फाउंडेशन, पुणे के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस आयुक्त कार्यालय, नागपुर के सभागार में संपन्न हुई।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल न्याय अधिनियम, 2015 के तहत नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को बाल अपराधों से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्यवाही, संवेदनशीलता और कानूनी समझ से लैस करना था, ताकि वे बच्चों के अधिकारों की रक्षा करते हुए न्याय प्रक्रिया को सशक्त रूप से क्रियान्वित कर सकें। बाल अधिकारों के प्रावधान, बाल कल्याण समिति और बाल न्याय बोर्ड की भूमिका, देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान व उनके लिए उपलब्ध सेवाएं। यौन शोषण की पहचान, शिकायत दर्ज



करने की प्रक्रिया, गवाहों की सुरक्षा और पीड़ित बालकों के पुनर्वास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां। पुलिस अधिकारियों को जांच के दौरान बच्चों के साथ सहानुभूति और सम्मानजनक व्यवहार करने, मानसिक आघात से बचाने और विश्वासपूर्ण संवाद स्थापित करने की तकनीकों पर मार्गदर्शन। पुलिस, बाल कल्याण समिति, स्वास्थ्य विभाग, डीसीपीयू और अन्य संबंधित संस्थाओं के बीच प्रभावी सहयोग व समन्वय की आवश्यकता पर जोर। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उपाधीक्षक (गृह) माहुरकर, विभागीय उपायुक्त महिला एवं बाल विकास नागपुर अपर्णा कोल्हे एवं बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष छाया राउत की उपस्थिति में हुआ। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मुश्ताक पठान, बाल कल्याण समिति के अन्य सदस्य एवं सीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक होप फॉर द चिल्ड्रन पुणे से परम आनंद, वसीम शेख और सचिन कुसुम्बे रहे, जिन्होंने कानूनों की व्याख्या के साथ-साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यशाला में 160 पुलिस उपनिरीक्षक शामिल हुए।

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला बाल संरक्षण अधिकारी साधना हटवार ठोंबरे ने किया। प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों ने कहा कि यह सत्र बाल अपराधों से निपटने की उनकी क्षमता को बेहतर बनाएगा और वे बाल हितों को प्राथमिकता देते हुए अधिक संवेदनशीलता और दक्षता से कार्य कर सकेंगे।

# मिंत्रा की 22वीं एंड ऑफ रीज़न सेल शुरू

## 12 जून तक चलेगा धमाकेदार शॉपिंग का सिलसिला

## > फैशन और ब्यूटी प्रेमियों के लिए खुशखबरी

नागपुर.

भारत के अग्रणी फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म मिंत्रा ने अपनी बहुप्रतीक्षित 22वीं एंड ऑफ रीज़न सेल की शुरुआत कर दी है। यह सेल 12 जून तक चलेगी और इसमें देशभर के फैशनप्रेमी बंपर छूट का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहकों को इस सेल में 10,000 से अधिक ब्रांड्स के 40 लाख से ज्यादा स्टाइल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय, स्वदेशी और घरेलू ब्रांड्स के शानदार विकल्प शामिल हैं, जिससे हर उम्र और हर पसंद के ग्राहकों के लिए कुछ न कुछ जरूर मिलेगा। सेल की खास बातें: टियर 1, टियर 2 और उभरते शहरों के ग्राहकों के लिए एक जैसे शानदार विकल्प, मेंस कैज़ुअल वियर, एथनिक वियर, वीमेन्स वेस्टर्न वियर, ब्यूटी और पर्सनल केयर, वॉचेज, वियरेबल्स, एक्सेसरीज़, स्पोर्ट्स फुटवियर, किड्स वियर और वेडिंग कलेक्शन पर खास ऑफर, हर मौके और मूड के लिए फैशन – हवादार सिल्हुएट्स से लेकर बोल्ड स्टेटमेंट पीसेज़ तक, मिंत्रा की यह सेल हर बार की तरह ग्राहकों को उनके मनपसंद ट्रेंड्स पर शानदार छूट और ऑफर्स के साथ लुभा रही है। तो तैयार हो जाइए, मिंत्रा के साथ अपने वॉर्डरोब को स्टाइल और ट्रेंड से भरने के लिए!

# अलंकारनगर में अधूरी सीमेंट नाली को बागडोर नाले से जोड़ने की मांग

कामठी.

के येरखेड़ा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1, अलंकार नगर में अधूरी सीमेंट नाली को बागडोर नाले से जोड़कर बाढ़ के पानी की समस्या को हल करने की मांग को लेकर यहां के नागरिकों ने येरखेड़ा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच मनीष कारेमोरे के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर पंचायत के मुख्य अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।

बौद्धभूमि खैरी से रणाळा मार्ग से लगी हुई इरीगेशन डिपार्टमेंट राज्य शासन की ओर से एक बड़ी सीमेंट नाली का निर्माण किया गया है और सीमेंट नाली को अलंकार नगर के रिहायशी इलाके में लाकर छोड़ दिया गया है। बड़ी सीमेंट नाली को बागडोर नाले तक पूरा करना आवश्यक था, लेकिन अलंकार नगर में अधूरी नाली छोड़ दिए जाने के कारण बरसात में सीमेंट नाली का पानी बड़ी मात्रा में अलंकार नगर में जमा होगा। साथ ही, बीस वर्षों से बरसात में येरखेड़ा बागडोर नाले में बाढ़ आने से अलंकार नगर के प्रत्येक नागरिक के घर में बाढ़ का पानी घुसकर बड़ी मात्रा में संपत्ति का नुकसान होता



रहा है। इस संबंध में अलंकार नगर के नागरिकों ने पिछले कई वर्षों से स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ तहसीलदार, जिलाधिकारी, राज्य शासन से कई बार शिकायतें कर नाले के पानी की समस्या को हल करने की मांग की थी। परंतु शासन और प्रशासन ने लगातार इस पर ध्यान नहीं दिया है। इस साल फिर से नई सीमेंट नाली का पानी उस जगह पर बड़ी मात्रा में जमा होने से निश्चित रूप से बरसात में अलंकार नगर में पानी की समस्या बड़े पैमाने पर होगी। इसलिए येरखेड़ा नगर पंचायत की ओर से नागरिकों ने अधूरी सीमेंट नाली को बागडोर नाले तक जोड़कर पानी की समस्या को हल करने की मांग की है। इस संबंध में येरखेड़ा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच मनीष कारेमोरे के नेतृत्व में शुक्रवार को येरखेड़ा नगर पंचायत के सहायक प्रशासनिक अधिकारी राहुल घुगे को ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर पूर्व सरपंच मनीष कारेमोरे, राजेंद्र चौरे, पत्रकार सुदाम राखडे, विठ्ठल अस्वार, सुरेश अस्वार, सतीश अंचलवार, सचिन गुरुदासानी, रमेश बरबटे, विनोद परदेशी, हिम्मतसिंग ठाकूर, मनोज सीरिया, मनोज शेळके, असलम याकूब पठाण, दीपा कोकाटे, मनीषा चौरे, जया मोहाडीकर सहित परिसर के नागरिक प्रमुखता से मौजुद रहें।

# दसवीं की परीक्षामें भी स्काउट्स गाइड्स की ऊंची उड़ान

खापरखेड़ा. महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 2024 - 25 इस शैक्षणिक सत्रमें आयोजित दसवीकी परीक्षामें जिलेके स्काउट्स गाईड्सने राज्य पुरस्कार परीक्षा और आंतरराष्ट्रीय जांबोरीके अतिरिक्त अंकोके साथ ऊंची उड़ान ली है .

सावनेर तहसील के प्लाज्मा स्कूल एवं ज्यु. कॉलेज खापरखेड़ा के स्काऊट प्रसिक शैलेश पाटिल ने 86.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्काउट्स गाईड्सके आंतरराष्ट्रीय जांबोरीके अतिरिक्त दस अंक भी प्राप्त किए है। साथही गौरव मंजय सिंग ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्काउट्स गाईड्सके राज्य पुरस्कार परिक्षाके अतिरिक्त तीन अंक भी प्राप्त किए है । प्रसिक पाटिल और गौरव सिंग राज्य पुरस्कार परीक्षा पास हों चुके है और अब स्काऊट मास्टर शेखर कोलते इनके मार्गदर्शनमें राष्ट्रपती पुरस्कार परिक्षाकी तैयारी कर



रहे है. इसके पहले भी कई स्काउट्स एवं गाईड्सको राज्य पुरस्कार परीक्षा तथा विविध राज्य, राष्ट्रीय और आंतरराष्ट्रीय शिबिरोके अतिरिक्त अंक शालेय विद्यार्थियों को प्राप्त हो चुके है । दसवीं के परिक्षामें सफलता प्राप्त विद्यार्थी स्काऊट्स एवं गाईड्सको विद्यालय के प्राचार्या ए. के. मैथ्यू , उप प्राचार्या तनुश्री भट्टाचार्या, स्काऊट मास्टर शेखर कोलते और सभी शिक्षकगण इन्होंने शुभकामनाएं दी। साथही इस सफलता के लिए बहुमूल्य मार्गदर्शन और यथोचित सहकार्य करनेके लिए प्लाज्मा स्कूल एवं जूनियर कॉलेज की तरफ से नागपुर जिला भारत स्काऊट्स एवं गाईड्स कार्यालयका आभार व्यक्त किया गया।

# महेशनवमी पर कोंढाली में माहेश्वरी समाज ने किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

कोंढाली.

महेश नवमी के पावन अवसर पर नागपुर जिला माहेश्वरी सभा से संलग्न कोंढाली तालुका माहेश्वरी समाज द्वारा एक जून, रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कोंढाली के लूणकरण माहेश्वरी भवन में आयोजित हुआ, जिसमें एनएसएच क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर एवं कोंढाली माहेश्वरी सभा का संयुक्त योगदान रहा।

इस शिविर का शुभारंभ नागपुर जिला माहेश्वरी सभा के हरेश सोनी, महेश बियानी, सुरेश गांधी, राजेश काबरा, कोंढाली माहेश्वरी सभा और राजस्थानी माहेश्वरी सभा के पदाधिकारियों एवं उपस्थित चिकित्सकों की उपस्थिति में किया गया।

शिविर में मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर उनकी शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क वितरित की गईं। साथ ही विविध रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श भी प्रदान किया। इस अवसर पर कोंढाली तालुका



माहेश्वरी सभा के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों से इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाने की अपील की और समाजसेवा की इस पहल को आगे भी निरंतर जारी रखने की बात कही।

इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों और चिकित्सकों की सराहना की जा रही है।

# बाघ के हमले में किसान की मौत

## पारशिवनी पुलिस ने निभाया कर्तव्य, वन विभाग पर उठे सवाल

पारशिवनी. पारशिवनी तहसील के एक ग्रामीण क्षेत्र में बाघ के हमले में एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। यह कोई पहली घटना नहीं है — हाल के दिनों में बाघों द्वारा ग्रामीणों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे मामलों में जहां वन विभाग की तत्काल भूमिका होनी चाहिए, वहां अक्सर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौके पर समय पर नहीं पहुंचते, जिससे स्थानीय नागरिकों में गहरा रोष व्याप्त है। घटना के बाद क्षेत्र में भारी जनसमूह इकट्ठा हो गया था और गुस्साई भीड़ ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ऐसे संवेदनशील समय में पारशिवनी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने न केवल मौके पर तुरंत पहुंचकर हालात को संभाला, बल्कि भीड़ को शांत करते हुए किसी भी प्रकार की अनहोनी या हिंसा को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसी घटनाओं में वे जान हथेली पर रखकर कार्य करते हैं। कई बार उन्हें आक्रोशित लोगों की गाली-गलौज तक झेलनी पड़ती है, यहां तक कि दुर्घटना का शिकार भी होना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद वे अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहते हुए शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में लगे रहते हैं। वहीं, दूसरी ओर वन विभाग पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जब तक पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंचती, तब तक वन विभाग के अधिकारी वहां पहुंचने से कतराते हैं। लोगों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी भीड़ के गुस्से के डर से घटना स्थल से दूरी बनाए रखते हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता पर प्रश्नचिन्ह लगता है।

# रामटेक में एसडीओ प्रियेश महाजन का बड़ा एक्शन

## फिर भी रेती तस्करी पर लगाम नहीं

## मुख्य सूत्रधार अब भी कार्रवाई से बाहर

## तस्करों के हौसले बुलंद

रामटेक.

एसडीओ प्रियेश महाजन के नेतृत्व में राजस्व विभाग ने स्थानीय पुलिस विभाग के सहयोग से रेती तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। पिछले एक साल में इस संयुक्त मुहिम के तहत सैकड़ों ट्रकों में अवैध रूप से ले जाई जा रही रेती पकड़ी गई है और कई ट्रक जब्त भी किए गए हैं। बावजूद इसके, रेती तस्करी पर पूरी तरह रोक नहीं लग सकी है।

तहसील कार्यालय और पुलिस थाने के बाहर जब्त की गई रेती का बड़ा जखीरा लगा हुआ है, जो इस बात का गवाह है कि प्रशासन सक्रिय है। मनसर-रामटेक मार्ग पर पॉवरहाउस के पास बेरिकेड्स लगाकर पुलिस और राजस्व विभाग लगातार ट्रकों की जांच कर रहे हैं। हर ट्रक की रॉयल्टी पर्ची की बारीकी से जांच की जा रही है, जिससे तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। कुछ तस्करों ने डर के कारण यह अवैध धंधा बंद कर दिया है, जबकि कुछ अब भी शॉर्टकट और कट रास्तों से चोरी-छिपे रेती तस्करी



कर रहे हैं। रामटेक, मानापुर और भोजपुर जैसे ग्रामीण मार्गों से ट्रक और ट्रैक्टर के जरिए चोरी की रेती धड़ल्ले से ले जाई जा रही है। तड़के इन रास्तों से गुजरते वाहनों को स्थानीय लोगों ने भी देखा है। जानकारों का कहना है कि कार्रवाई केवल ड्राइवरों और वाहनों तक सीमित है। असली मास्टरमाइंड और इस तस्करी के मुख्य सूत्रधार अब भी कानून की पकड़ से बाहर हैं। यही वजह है कि इन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही।

स्थानीय जनता और जागरूक नागरिकों की मांग है कि प्रशासन को अब केवल नीचे के स्तर पर कार्रवाई करने की बजाय इस अवैध कारोबार के सरगनाओं पर सीधी और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि रेती तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

# आकाश लामा दंपत्ति ने ड्रैगन पैलेस टेंपल में भेंट दी

कामठी. बुद्धगया में चल रहे धरना आंदोलन के प्रणेता और ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम के महासचिव, आकाश लामा ने अपनी पत्नी के साथ आज, रविवार 1 जून को विश्वविख्यात ड्रॅगन पैलेस टेम्पल का दौरा किया। सबसे पहले, उन्होंने ड्रॅगन पैलेस टेम्पल में तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा के सामने मोमबत्ती और अगरबत्ती लगाकर आयोजित बुद्ध वंदना में भाग लिया। इस अवसर पर, ड्रॅगन पैलेस टेम्पल की प्रमुख और पूर्व राज्य मंत्री, एड. सुलेखा कुंभारे ने आकाश लामा दंपत्ति का शॉल और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम के राष्ट्रीय सलाहकार, पूज्य भदंत डॉ. चंद्रकीर्ति, प्रवीण निखाडे और अन्य गणमान्य व्यक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

इसके बाद, आकाश लामा ने एड. सुलेखा कुंभारे के ड्रॅगन पैलेस टेम्पल परिसर स्थित निवास स्थान पर महाबोधि महाविहार के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका पर चर्चा की। एड. सुलेखा कुंभारे ने इस दौरान जानकारी दी कि भंते सुरई ससाई द्वारा वर्ष 2012 में दायर याचिका के साथ-साथ उनके द्वारा दायर याचिका की सुनवाई भी 29 जुलाई को ही होगी। एड. सुलेखा कुंभारे ने विश्वास व्यक्त किया कि वे वरिष्ठ वकीलों की एक फौज खड़ी करके यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास करेंगी कि महाबोधि महाविहार बौद्धों को सौंपने के पक्ष में ही फैसला आए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी, एड. सुलेखा कुंभारे, आकाश लामा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू से दिल्ली में मुलाकात कर महाबोधि महाविहार मुक्ति के संबंध में निवेदन देकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। साथ ही, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एड. सुलेखा कुंभारे ने धरना स्थल पर उपस्थित होकर आंदोलन को समर्थन भी दिया था।

# वेश्यावृत्ति का धंधा चलाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

## 4 पीड़ित रिहा, 4 आरोपी गिरफ्तार

सावनेर.

मुखबिर से विश्वसनीय सूचना मिली थी कि सावनेर क्षेत्र में हेटी रोड पर ओयो होटल में नाबालिग लड़की से जिस्मफीरोशी कराई जा रही है। ऐसी सूचना मिलने पर सावनेर पुलिस ने ओल्ड पांढुर्ना रोड पर ओयो होटल गैलेक्सी इन लॉजिंग एंड रेस्टोरेंट पर छापा मारा और आरोपी नंबर 1 होटल मालिक सूरज पिलाजी मिलमील, उम्र 28 वर्ष, रा. सतनूर, ता. सौसर, जिला पांढुर्ना, मध्य प्रदेश को पकड़ा। जब होटल के कमरों की जांच की गई, तो 3 महिला पीड़ित और 1 नाबालिग लड़की मिली। साथ ही, आरोपी नंबर 2. नाम अमित कोठीराम अवारी, उम्र 21 वर्ष, रा. सतनूर, ता. सौसर, जिला पांढुर्ना,मध्य प्रदेश, आरोपी नंबर 3. श्रेय दिलीप जुनोनकर, उम्र 20 वर्ष, निवासी। संतोषी माता वार्ड, एम.पी.



ग्राउंड, जिला पांढुर्ना, मध्य प्रदेश, आरोपी के. 4. शकील शरीफ शेख, उम्र 28 वर्ष, निवासी संगम सवांगा, ता. सौसर, जिला पांढुर्ना, मध्य प्रदेश, साथ ही कानूनी संघर्ष से पीड़ित एक बच्चा मिला।




जब पुलिस ने होटल के पंजीकरण रजिस्टर का निरीक्षण किया, तो उसमें कोई प्रविष्टि नहीं मिली। जब पीड़ित महिलाओं से पूछताछ की गई, तो पाया गया कि आरोपी नंबर 1 लड़कियों/महिलाओं को वेश्यावृत्ति में शामिल होने के लिए जगह मुहैया कराकर अपने आर्थिक लाभ के लिए बहला-फुसला रहा था।

यह भी पाया गया कि आरोपी नंबर 1 ने नाबालिग लड़की की उम्र सत्यापित किए बिना अपने आर्थिक लाभ के लिए एक कमरा उपलब्ध कराया था।

### आरोपियों के नाम दर्ज

नामित आरोपी नंबर 1. होटल मालिक सूरज पिलाजी मिलमाइल, उम्र 28 वर्ष, निवासी सतनूर ताल. सौसर जिला पांढुर्ना सातनूर ता. सौसर जिला पंढुर्ना, मध्य प्रदेश, आरोपी कु. 3. श्रेय दिलीप जुनोनकर, उम्र 20 वर्ष, निवासी संतोषी माता वार्ड, एम.पी ग्राउंड ता. जिला पंढुर्ना मध्य प्रदेश, आरोपी कु. 4. शकील शरीफ शेख, उम्र 28 वर्ष, निवासी संगम सवांगा, ता. सौसर जिला पंढुर्ना मध्य प्रदेश और कानूनी परेशानी में एक बच्चे के खिलाफ पोस्ट सावनेर में महिलाओं और लड़कियों के अनैतिक व्यापार (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 3, 4,5,6,7 के साथ-साथ धारा 143 (1) (एफ), 143 (4), 65 (1) आईपीसी के साथ-साथ धारा 4,17,18 पोक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया और 3 पीड़ित महिलाओं और एक नाबालिग लड़की को बचाया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी क्रमांक 1 से 4 को गिरफ्तार किया है।

# कोयले के ट्रकों की अवैध आवाजाही रोकने की सरपंच साबले की मांग

कामठी. पिछले कई दिनों से कामठी-कलमना रोड पर सुबह 5 बजे से 9 बजे तक 14 और 16 चक्के वाले कोयले के ट्रकों द्वारा कोयले की अवैध ढुलाई हो रही है, जिसमें क्षमता से अधिक कोयला ले जाया जा रहा है। सड़कों पर ब्रेकर या अचानक ब्रेक लगाने के कारण कई बार कोयला नीचे गिर जाता है। इसके बाद होने वाले यातायात से वह कोयला बारीक होकर धूल में बदल जाता है।

सुबह मॉर्निंग वॉक करने वालों या इस सड़क पर रहने वाले निवासियों के घरों में अत्यधिक प्रदूषण फैल रहा है। टोल टैक्स बचाने या अवैध धंधा करने वाले पुलिस के डर से या इसके कारण कामठी, येरखेड़ा और रनाला के निवासियों को बड़े पैमाने पर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित विभाग के यातायात पुलिस अधिकारी इस पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शायद ट्रक आउटर रिंग रोड का टोल टैक्स बचाने के लिए शहर के भीतर से निकल रहे हैं।

इसलिए, रनाला ग्रामवासियों की ओर से सरपंच पंकज विमल नागोराव साबले के माध्यम से ग्राम पंचायत के उपसरपंच और सदस्यों के पत्र द्वारा पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, परिमंडल 5 के पुलिस आयुक्त कार्यालय नागपुर, उप पुलिस आयुक्त कार्यालय नागपुर, यातायात पुलिस उप आयुक्त नागपुर, और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नवीन कामठी, यातायात पुलिस निरीक्षक कामठी विभाग को यह निवेदन दिया गया है कि संबंधित यातायात अधिकारी इस गंभीर विषय पर ध्यान दें और इस अवैध कोयला ढुलाई को तुरंत बंद करें। उन्होंने आरोप लगाया कि कोयला से भरे ट्रकों की धूल से लोगों को होने वाली परेशानी एक गंभीर समस्या है। यह समस्या कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकती है, जैसे अस्थमा, फेफड़ों की बीमारियां, ब्लैक लंग डिजीज।

# तहसील कृषि अधिकारी ने कृषि केंद्र संचालकों को दी चेतावनी

## बीज खरीदते समय किसान को किया परेशान तो होगी सख्त कार्रवाई

**अमरावती.**

खरीफ सीजन नजदीक आ रहा है। लेकिन खेती के समय भारी बारिश के कारण अभी तक खेती का काम पूरा नहीं हो पाया है। खरीफ सीजन में किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, अच्छे रासायनिक खाद और कीटनाशक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो, इसके लिए योजना बनाई गई है। तिवसा तालुका के सभी कृषि सेवा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने और खाद और बीज के नमूने लेने का अभियान वर्तमान में कृषि विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। तिवसा तहसील कृषि अधिकारी हेमलता इंगले ने किसानों को केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही बीज, खाद और दवाइयां खरीदने का आवाहन किया है।




कृषि विभाग के अंतर्गत पंचायत समिति तिवसा ने खरीफ पूर्व इनपुट और गुणवत्ता नियंत्रण समीक्षा बैठक और लाइसेंस प्राप्त कृषि इनपुट विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर कृषि अधिकारियों ने विक्रेताओं को मार्गदर्शन दिया। खरीफ सीजन में किसानों के लिए बीज बोने से पहले बीजों का प्रसंस्करण करना बहुत जरूरी है। इससे अंकुरण क्षमता बढ़ेगी और फसलों को कीटों और बीमारियों से बचाया जा सकेगा। तहसील कृषि अधिकारी ने सभी विक्रेताओं को चेतावनी दी कि यदि कृषि सेवा केंद्र ऐसी प्रथाओं का पालन करता है जैसे कि किसानों को यह बताना कि ये कृषि इनपुट विशिष्ट उर्वरक या बीज संग्रहीत करके बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं हैं, कि यदि इनपुट खरीदा जाना है, तो उसके साथ एक और अनावश्यक इनपुट खरीदना अनिवार्य है, इस तरह की प्रथाओं को जोड़ना, उच्च कीमतों पर कृषि इनपुट बेचना या किसानों को उचित भुगतान नहीं करना, उनके खिलाफ उचित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विभाग के तहत सभी योजनाओं के लिए किसानों को एग्रीस्टैक के साथ पंजीकरण करना अनिवार्य है। किसानों को सेतु केंद्र में जाना चाहिए और किसान के रूप में पंजीकरण करना चाहिए। एक तालुका-स्तरीय उड़न दस्ता नियुक्त किया गया है। एक तालुका-स्तरीय शिकायत निवारण प्रकोष्ठ भी स्थापित किया गया है।

यदि किसान कृषि इनपुट खरीदना चाहते हैं, तो उन्हें उन्हें अधिकृत कृषि सेवा केंद्र से खरीदना चाहिए। साथ ही, सोयाबीन के बीज चाहे घर से खरीदें या बाजार से, तहसील कृषि अधिकारी तिवसा ने किसानों से उनकी अंकुरण क्षमता की जांच करने और बीज को संसाधित करने के बाद बोने की अपील की है।

### एक ही उर्वरक पर ना रहें निर्भर

किसानों को एक ही उर्वरक पर निर्भर नहीं रहना चाहिए बल्कि अन्य उर्वरकों का भी सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। रासायनिक खाद में मिलावट हो, बीज अंकुरित न हो, छिड़काव से परिणाम न मिलें, फसल खराब हो, खाद न मिले तो तालुका कृषि अधिकारी को शिकायत करनी चाहिए। साथ ही दुकान के बोर्ड पर उपलब्ध स्टॉक और इनपुट की कीमतें इस तरह प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है कि सभी किसान देख सकें।

# वघाला में राजमाता पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर शताब्दी जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई



**वघाला.**

वघाला गांव में भगवान महादेव मंदिर रोड के समीप अमित तुराले के निवास स्थान पर राजमाता पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की शताब्दी जयंती समारोह बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस आयोजन का शुभारंभ राजमाता अहिल्यादेवी के तैल चित्र की पूजा और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस विशेष अवसर पर हमदापुर जिला परिषद भारतीय जनता पार्टी की ओर से महादेव मंदिर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि बाबाराव तुराले ने राजमाता अहिल्यादेवी होलकर पर आधारित एक प्रेरणादायी कविता प्रस्तुत की, जो उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर गई। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राजमाता के ऐतिहासिक, सामाजिक व राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला गया। साथ ही भगवान शिव की महिमा और मानवीय लोककल्याण के धार्मिक कार्यों पर भी विचार साझा किए गए। इस आयोजन में प्रमुख रूप से हमदापुर मंडल भाजपा अध्यक्ष शेषरावजी तुरनकर, पूर्व अध्यक्ष गजानन राऊत, पूर्व जिल्हा परिषद सदस्य किशोर शेंडे, भाजपा महामंत्री राजू येलने, शक्ति केंद्र प्रमुख शंकर धुर्वे, चंद्रकांत श्रीखंडे, शेखर भगत, सरपंच धीरज लेंडे, सरपंच रूपाली तिखे, सतीश वानखेड़े, प्रणिता झाडे, राजू नागदेवते, गजानन शेलके, सुरेश भलावी, अमित तुराले, गणेश ननकटे, सिद्धेश्वर चरडे, सुषमा नन्नूरे, पुलिस पाटिल राकेश तुराले, कैलास वाघमारे, बाबा पलाडे, सुभाष निनावे, नारायण सराम, पिंटू कडु, चंद्रकांत पवार, सुभाष पवार, ज्योति पवार, संगीता भलावी, सारिका तुराले, सिद्धीश चौधरी, प्रकाश तुराले सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में राजमाता अहिल्यादेवी होलकर की समाज के प्रति सेवाओं को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# मांडगांव में बस स्टॉप निर्माण पर उठ रहे सवाल बारिश में भीगने को मजबूर यात्री और छात्र

## स्थानीय नेताओं और विभाग की अनदेखी पर ग्रामीणों में नाराजगी

**मांडगांव.**

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 258 पर स्थित मांडगांव गांव विगत तीन-चार वर्षों से एक साधारण बस स्टॉप की सुविधा से वंचित है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तब से बनी हुई है जब वर्धा-सेवाग्राम-समुद्रपुर मार्ग चौड़ा करने के दौरान पुराना बस स्टॉप तोड़ दिया गया था। लेकिन सड़क निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद भी अब तक नया बस स्टॉप नहीं बनाया गया है, जिससे आम यात्रियों और विशेषकर छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अब जबकि मानसून ने दस्तक दे दी है, तो यह समस्या और गंभीर हो गई है। बस का इंतजार करते समय बारिश होने पर लोगों को पानठेलों, होटलों या दुकानों की छत के नीचे खड़े होकर बारिश से बचना पड़ता है। यह स्थिति न सिर्फ असुविधाजनक है बल्कि यात्रियों की गरिमा के भी खिलाफ है। मांडगांव, जो संत मांडव ऋषि की पावन भूमि मानी जाती है, समुद्रपुर तालुका का एक बड़ा और प्रमुख गांव है।

यहां से चिंचोली, मणगांव, बोरगांव, कोपरा, बोथुडा, सावंगी-देरडा, सुजातपुर, शेडगांव जैसे कई गांवों के छात्र शिक्षा के लिए वर्धा, सेवाग्राम या हिंगणघाट जाते हैं। वहीं ग्रामीण नागरिकों को बैंक, अस्पताल और अन्य जरूरी कामों के लिए इसी मार्ग से यात्रा करनी पड़ती है।

लेकिन उनके लिए न तो छांव है, न ही बैठने की कोई व्यवस्था। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गांव के नेताओं और अधिकारियों की उदासीनता ही इस समस्या की मूल वजह है।

"जिन नेताओं के बच्चे कभी बस में नहीं चढ़ते, उन्हें बस स्टॉप की क्या चिंता होगी?"—यह सवाल अब गांव के हर गरीब और छात्र के मन में गूंज रहा है। हर चुनाव से पहले जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद आम जनता की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। मांडगांव जैसे बड़े गांव में अगर वर्षों से एक साधारण बस स्टॉप नहीं बन सका, तो यह निश्चित ही शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की बड़ी विफलता है।

अब गांववासियों की मांग है कि जल्द से जल्द बस स्टॉप का निर्माण किया जाए, ताकि वे गरिमा के साथ और सुरक्षित यात्रा कर सकें।

# कराटे बेल्ट एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह हर्षोल्लास से संपन्न

## सद्गुणों का विकास तथा आत्मरक्षा के लिए कराटे अति आवश्यक : पं. शंकरप्रसाद अग्निहोत्री

**वर्धा.**

जय महाकाली शिक्षण संस्था और स्पोर्ट शोतोकान कराटे-डो एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन वर्धा जिला द्वारा आयोजित कराटे बेल्ट एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन शनिवार शाम पेंटागन हॉल, अग्निहोत्री महाविद्यालय, रामनगर, वर्धा में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पं. शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने कहा कि कराटे न केवल आत्मरक्षा का प्रभावशाली माध्यम है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास में वृद्धि और मानसिक शांति प्रदान करने वाला एक अनुशासित खेल भी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कराटे का महत्व और अधिक बढ़ गया है क्योंकि यह युवाओं को नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखकर सद्गुणों की ओर प्रेरित करता है।




इस अवसर पर एकलव्य मार्शल आर्ट अकादमी के संचालक पवन तिजारे, स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहन मोहिते, संस्था के संचालक एवं विश्व हिंदी सेवा संगम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवानदास आहूजा, जय महाराष्ट्र युवा संगठन के अध्यक्ष निखिल सातपुते, जवान कैरियर अकादमी के संचालक प्रवीण पेठे, मुख्य आयोजक एवं स्पोर्ट शोतोकान कराटे-डो एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिहान मंगेश भोंगाड़े सहित अन्य गणमान्य अतिथि मंच पर उपस्थित थे। 18 मई को आयोजित कराटे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को विभिन्न बेल्ट एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रमुख प्राप्तकर्ताओं में शामिल रहे: ब्लैक बेल्ट 1 दान डिप्लोमा: शुभम राखड़े, ब्लैक बेल्ट डिग्री: वोमेश संजय जातुलकर, ब्राउन बेल्ट: भूषण तलमले, शरयू येंगड़े, स्वानंदी साऊरकर, तीर्थ दरने, पर्पल बेल्ट: मानवी राठोड़, माही राठोड़, शुभ्रा भगत, ब्लू बेल्ट: कृतिका तपासे, किंजल नेहारे

ग्रीन बेल्ट: अद्विका इंगले, मानव कडू, आर्यन बावने, समीर ठाकरे, प्रतीक कन्नाके, इंद्रकुमार वाघमारे, ऑरेंज बेल्ट: आर्यन सुटे, निवेदिता इरपतते, काव्या वाटकर, दुहिती तोटे, अश्वथी अलीकल, गुरुमित देवतले, येलो बेल्ट: सान्वी कांबले, नवीन वितोंडे, गुणश्री वरहारे, प्रसन्ना सोमनाथे, लक्ष मुंधड़ा, आर्य ठाकुर, दिव्येश जारोंडे, कृष्ण उमाटे, हर्षवर्धन म्हैसकर, रोमिशा वाघमारे, सिमरन उमाटे, इशिका मंडलिक, हंसिका मंडलिक, प्रतीक फुलझेले, कनक सुरकर, अभिनव भोमले उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा बेल्ट, प्रमाणपत्र और आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का परिचय सावंगी मेघे शाखा के कोच सेंसाई चेतन जाधव ने दिया, संचालन रामनगर शाखा की कोच सेंसाई पूजा गोसाटकर ने किया, तथा धन्यवाद ज्ञापन बोरगांव मेघे शाखा की कोच सेंसाई कल्याणी भोंगाड़े ने किया। कार्यक्रम की सफलता में सेंसाई कार्तिक भगत, अनुज कांबले, तेजस निवल, श्रेया कुरटकर, भार्गव खेवले, वाणी साहू, रुजान बागमोरे, नेहा गोल्हर, प्रथमेश धाबर्डे सहित अन्य सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के माता-पिता, कराटे एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य, पूर्व छात्र एवं मार्शल आर्ट के प्रति उत्साही नागरिक उपस्थित रहे।

# विवाह के अवसर पर दिव्यांग दंपत्ति ने किया वृक्षारोपण

**वर्धा.** समाज को एक प्रेरणादायक संदेश देते हुए वर्धा के सलधारा निवासी ईश्वर झामरे और नागपुर के शेष नगर की रश्मि खाड़े ने अपने विवाह को एक खास रूप में मनाया। दोनों ही नवविवाहित वर-वधू दिव्यांग हैं और उनका विवाह समारोह नागपुर के हैरिसन लॉन में सादगी व उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर दिव्यांग दम्पति ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया। विवाह के अगले दिन, 24 मई को सलधारा स्थित वर पक्ष के निवास पर आयोजित स्वागत समारोह में उन्होंने प्रांगण में वृक्ष लगाकर अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। इस अवसर पर दिव्यांग समुदाय से जुड़े भाई-बंधु, रिश्तेदारों और विभिन्न क्षेत्रों से आए मित्रों ने भी अपनी उपस्थिति



दर्ज कराई। नवविवाहित जोड़े के इस कार्य ने यह संदेश दिया कि विवाह केवल एक सामाजिक रस्म नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का अवसर भी हो सकता है।

दंपति का यह अनोखा कदम न केवल पर्यावरण की रक्षा की दिशा में एक छोटा लेकिन मजबूत प्रयास है, बल्कि समाज को समावेशिता, प्रेम और पारिवारिक मूल्यों का महत्व समझाने का भी एक सुंदर उदाहरण है।

# संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को बदनाम करने वाले के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई: शिंदे सेना

**वर्धा.**

शिंदे सेना ने शहर पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। यह मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्धा दौरे के बाद सामने आया है, जब उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री मित्र पार्क के अवसर पर आयोजित सरकारी कार्यक्रम में भाग लिया था। कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से एसपीजी सहित प्रशासन और पुलिस विभाग की व्यापक व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद, 27 जनवरी को वर्धा के सिंदी मेघे क्षेत्र स्थित ओल्ड म्हाडा कॉलोनी निवासी अश्वजीत उर्फ इंद्रजीत ढोले नामक एक निजी स्कूल कर्मचारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता के पास शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत के बाद अब शिंदे सेना ने मोर्चा संभालते हुए ढोले के खिलाफ शहर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिंदे सेना का आरोप है कि अश्वजीत ढोले ने राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत को लेकर आपत्तिजनक और भ्रामक जानकारी का प्रयोग कर उन्हें बदनाम किया है। साथ ही, उनके बयानों से न सिर्फ संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंची है, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए भी



खतरा उत्पन्न करने वाला कदम है। शिंदे सेना ने कहा कि ढोले के बयानों से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं और यह कृत्य पूरी तरह से निंदनीय है। उन्होंने मांग की है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ढोले के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई करे।

फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है और जल्द ही उचित कदम उठाए जाने की संभावना जताई जा रही है।

# नशामुक्ति दिवस पर बिडकर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम और रैली आयोजित

**हिंगनघाट.**

आर. सन. बिडकर महाविद्यालय में नशामुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. एम. राजुरकर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. एस. आर. विहिरकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन लेफ्टिनेंट डॉ. रमेश एम. भगत द्वारा किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय झोटिंगराव पाटिल के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. शरद विहिरकर ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "नशा एक ऐसा कीड़ा है जो समाज को अंदर ही अंदर नष्ट करता है। इसे समाप्त करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।" इस अवसर पर लेफ्टिनेंट डॉ. रमेश एम. भगत ने कहा, "नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करता है और अंततः पूरा समाज इसकी चपेट में आ जाता है।" प्राचार्य डॉ. बी. एम. राजुरकर ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में नशे की लत को एक गंभीर सामाजिक समस्या बताया और सभी से नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कैडेट साहिल माहुरे तथा कैडेट प्रज्वल गिरडे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कैडेट अमन मारस्कोले द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत एन.सी.सी. अधिकारियों एवं कैडेट्स ने बिडकर वार्ड क्षेत्र में जनजागरूकता रैली निकाली, जिसमें "नशामुक्त भारत" के संकल्प के साथ समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

# बडनेरा विधायक रवि राणा और एनसीपी नेता के बीच विवाद गहराया

## दोनों नेताओं में वार-पलटवार का दौर जारी

**अमरावती.**

बडनेरा विधायक और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी विधायक संजय खोडके के बीच विवाद गहराता जा रहा है। आगामी महानगर पालिका चुनाव को लेकर दिनों नेताओं ने एकला चलो का नारा दिया है। इसके बाद से दोनों नेताओं के बीच वाकयुद्ध शुरू है।

इसी क्रम में राणा ने खोडके पर हमला बोला। अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राणा ने कहा, "चुनाव में दो हजार वोट पाने वाले व्यक्ति को इतना अहंकार और दबंगई नहीं दिखाना चाहिए। राणा के वार पर खोडके ने भी पलटवार किया और कहा कि, "राणा की इतनी औकाद नहीं की मुझे हरा सके।"

अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राणा ने कहा, "संजय खोडके ने लोकसभा में महायुति के खिलाफ काम किया था। इसलिए विधानसभा चुनाव के लिए





मुझे अजीत दादा के 50 फोन आए, जिसमें खोडके की मदद करने के लिए कहा गया।

लेकिन अब 2 हजार वोट लेकर आया व्यक्ति बहुत शोर मचा रहा है। मैने उसकी थोड़ी भी बात सुनी होती, अगर मैंने गौर किया होता तो मैं खोडके को दस हजार वोटों से हरा देता, इसलिए उसे इतना अहंकारी और दबंग नहीं होना चाहिए।" राणा ने आगे कहा, "तीन बार चुनाव में हराने के बाद भी वह नहीं सुधरा। हमेशा अहंकार में जीने वाले लोगों का अहंकार जनता चकनाचूर कर देती है।"

**संजय खोडके ने किया पलटवार**

राण के वार पर खोडके ने भी पलटवार किया। खोडके ने कहा, "रवि राणा हमेशा मुझे धमकाते रहते हैं। चुनाव में उन्होंने कहा कि वे तीन बार हारने के भरोसे के आधार पर चुने जा रहे हैं। उस समय मुझे इस बात का कोई अफसोस नहीं है कि जनता ने मुझे नकार दिया। रवि राणा का मतलब है कि पार्टी में इतनी ताकत नहीं है कि मुझे हरा सके।" अजित पवार के फ़ोन करने के दावे पर खोडके ने कहा, "अजीत दादा ने रवि राणा को एक भी फोन नहीं किया। इसके विपरीत, जब अजीत दादा नवनीत राणा के प्रचार के लिए अमरावती आए, तो रवि राणा ने अजीत दादा से खोडके को मंच पर बुलाने के लिए कहा।"

एनसीपी नेता ने आगे कहा, "इसलिए मैं विधानसभा चुनाव में रवि राणा को अपने साथ लेकर अपने वोट खराब नहीं करना चाहता था। रवि राणा जिसके साथ भी जाता है, उसके वोट खराब हो जाते हैं। इसलिए अगर रवि राणा की पार्टी भाजपा के साथ है, तो हम गठबंधन नहीं करेंगे।" इसी के साथ खोडके ने यह भी कहा कि, अमरावती भाजपा को राणा चला रहा है।"

# शहर के संत तुकड़ोजी वार्ड में दिनदहाड़े चार जगह चोरी, एक घर में चोरों को मिली सफलता

**हिंगनघाट.**

शहर के संत तुकड़ोजी वार्ड में दिनदहाड़े एक ही दिन में चार अलग-अलग जगहों पर चोरी की घटनाओं ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। इन घटनाओं ने हिंगणघाट पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, सभी पीड़ित अपने-अपने घरों को ताला लगाकर किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। चोरों ने इसी मौके का फायदा उठाकर बंद घरों को निशाना बनाया।

यह पहला मौका है जब इस इलाके में दिनदहाड़े चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है।

हालांकि चार घरों में चोरी की कोशिश की गई, लेकिन चोर केवल एक ही घर में सफल हो पाए। त्रिशरण नगर निवासी दिगांबर बहादे के घर की अलमारी में रखे लॉकर से चोरों ने दो ग्राम की सोने की चेन, साढ़े तीन ग्राम सोने के टॉप्स और लगभग 22,000 रुपये नकद चुरा लिए। घटना की जानकारी मिलते ही हिंगणघाट पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने और चोरों की पहचान करने में जुटी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने और चोरियों पर लगाम लगाने की मांग की है।

# दारूबंदी के खिलाफ हिंगणघाट में बड़ी कार्रवाई, 1.22 लाख का मुद्देमाल जब्त

**हिंगनघाट.**

दारूबंदी अभियान के तहत उपविभागीय पुलिस अधिकारी पथक हिंगणघाट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देशी शराब ढलाई करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पल्सर कंपनी की मोटरसाइकिल से देशी मोहफुली शराब की ढुलाई कर रहा था।



पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल पर अवैध देशी मोहफुली दारू की ढुलाई कर रहा है। इस जानकारी के आधार पर हिंगणघाट के माता मंदिर वॉर्ड रोड पर पुलिस टीम ने पंच और पो.स्टॉप की उपस्थिति में नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान आरोपी को रंगेहाथ पकड़कर मौके पर ही पंचनामा करते हुए कार्रवाई की गई। कार्रवाई में पुलिस ने बजाज पल्सर 220 मोटरसाइकिल और गावठी मोहफुली दारू सहित कुल 1,22,000 रुपये का मुद्देमाल जब्त किया है। इस प्रकरण में हिंगणघाट पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अपराध पंजीकृत किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सागर कवड़े के मार्गदर्शन में, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के निर्देश पर की गई। कार्रवाई में पुलिस हवलदार अश्विन सुखदेवे, पुलिस नायक रविंद्र घाटुर्ले, पुलिस शिपाई भारत बुटलेकर और राकेश इतवारे की प्रमुख भूमिका रही।

पुलिस की इस तत्परता से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है और नागरिकों में इस कार्रवाई की सराहना की जा रही है।




# डीसीपी कदम ने एनडीपीएस पर मीडिया के साथ की प्रेस ब्रीफिंग

## >3 आरोपियों से 4,85,720 का एम.डी. जब्त

**कामठी.**





नागपुर शहर पुलिस के ड्रग्स के खिलाफ युद्ध को जारी रखते हुए, परिमंडल पांच के उपायुक्त निकेतन कदम ने आज रविवार को नवीन कामठी थाना में एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) पर पत्रकारों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता परिमंडल पांच के उपायुक्त निकेतन कदम ने की, जहां उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी की बढ़ती चिंता और शहर की सुरक्षा पर इसके प्रभाव ने महाराष्ट्र पुलिस को सिंथेटिक दवाओं और मनोदैहिक पदार्थों की व्यापक उपलब्धता, उपयोग के खतरे से निपटने और इसके प्रवेश को रोकने के लिए राज्यव्यापी प्रयास करने के लिए प्रेरित किया है, वाहनों की गहन जांच (एमवीसीपी), छापे और होटल, रेस्तरां आदि की जांच, ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए शुरू की गई है। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले प्रमुखता से मौजुद रहें।

वहीं इसी कड़ी में डीसीपी निकेतन कदम ने बताया कि मिली जानकारी के आधार पर 31मई को रात्रि में आरोपियों में नागपुर रोड खैरी परिसर में न्यू शान ए पंजाब लॉज पर, इस्माइलपूरा निवासी तारिक परवेज़ वल्द खुर्शीद (45), डॉ.शेख़ बुनकर कॉलोनी निवासी बिलाल नागानी अनीस नागानी (36), इस्माइलपुरा निवासी मोहम्मद अमान वल्द मोहम्मद ऱफ़िक अहमद (27) की एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करते हुए, दो गवाहों के सामने तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान, आरोपियों के कब्जे से कुल 4,85,720 रुपये का एम.डी. पाउडर और अन्य सामग्री बरामद हुई. इस संबंध में, आरोपी और वांछित आरोपियों के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 8 (ग), 22 (ख), 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है. उपरोक्त कार्रवाई पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंगल, सह पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी, अपर पुलिस आयुक्त राजेंद्र दाभाड़े, पुलिस उपायुक्त (नागपुर शहर परिक्षेत्र 05) निकेतन कदम, कामठी विभाग सहायक पुलिस आयुक्त विशाल क्षीरसागर और पुलिस थाना नवीन कामठी के प्रभारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुहास राउत के मार्गदर्शन में सपोनि सचिन यादव, सपोनि राजकिरण येवले, पोउपनि विकास तिडके, पोहवा विलास देवगडे, पोहवा नरेश खरगबान, पोहवा अफाक, पोशि रोशन डाखोरे, फिरोज शेख, नितेश नवघडे, राहुल वाघमारे, नसीम अंसारी, आकाश टेकाम ने की। आगे की कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के नेतृत्व में ज़ारी है। उल्लेखनीय हैं कि पुलिस आयुक्त निकेतन कदम ने यह भी बताया कि इसके अलावा, जांच से पता चला है कि नशीली दवाओं की तस्करी का प्रवाह अंतर-राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आयाम रखता है, जिसके तार राज्य व देश के अन्य हिस्सों तक भी पहुंचते हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के नारकोटिक्स/ड्रग्स/आईएमएफएल आदि की बिक्री/वितरण की सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन या नारकोटिक पुलिस स्टेशन, पुलिस मुख्यालय को इस आश्वासन के साथ दें कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि वे अपनी ओर से मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं तथा वास्तविक समय में विश्लेषण और संचालन के लिए प्रणाली स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आगे आएं और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए इस पर काम करें।

# देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती

**सौंसर.**




पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में, पांढुर्णा जिला भाजपा ने सौंसर कार्यालय में एक प्रदर्शनी एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवी अहिल्याबाई के समाज सुधार और उत्कृष्ट शासन कौशल पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने उन्हें नारी सशक्तिकरण का आदर्श उदाहरण बताते हुए उनके किये गए धार्मिक, सामाजिक और प्रशासनिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड रहे, जबकि अध्यक्षता नरेंद्र परमार ने की। आयोजन के संयोजक अशोक लाखे ने सभी अतिथियों और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। संदीप मोहोड ने इस मौके पर कहा कि "कांग्रेस ने देश के अनेक महापुरुषों और हुतात्माओं के योगदान को दबाया है, जबकि भाजपा की मोदी सरकार देवी अहिल्याबाई होलकर जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर शासन चला रही है। चाहे वह धार्मिक स्थलों का पुनरुत्थान हो, गरीब कल्याण या किसान हित, सरकार उनके सिद्धांतों पर काम कर रही है।" नरेंद्र परमार ने लोगों को देश के अविस्मरणीय नायकों को जानने और उनके योगदान से प्रेरणा लेने की अपील की। इस कार्यक्रम मे मोरेश्वर मर्सकोले , राजेन्द्र भक्ते, राहुल मोहोड , निलकंठ गोहत्रे, यशवंत तवले ,शालिक गोहत्रे, सदन साहू, इंद्रचांद डागा , लखन ठोकरें ,प्रितम राऊत , दर्शन झाड़े , नामदेव पाल , प्रभाकर बोबडे, सदानंद डोंगरे, प्रकाश छागानी ,रजत गोरे , ऊषा भमोरे , किरण बत्रा, संगीता बरमे ,भारती चंदनकर, विवेक गायकवाड आशीष चांडक, नरेंद्र कुकडे ,,संजय बागडे,जिला और कई अन्य गणमान्य नागरिक, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# महावितरण की 'रन फॉर सेफ्टी' मैराथन को उत्साहपूर्ण प्रतिसाद

**नागपुर.**

महाराष्ट्र में बिजली सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए महावितरण ने 1 जून से 'विद्युत सुरक्षा सप्ताह' की शुरुआत की। नागपुर में आयोजित 'रन फॉर सेफ्टी' मैराथन में 700 से अधिक लोगों ने भाग लिया। मुख्य अभियंता दिलीप दोडके ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और 'शून्य दुर्घटना' का संकल्प दोहराया। मैराथन के अंत में स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित हुआ। करीब 2.5 किलोमीटर लंबी इस मैराथन का समापन प्रकाश भवन, गड्डीगोदाम में हुआ, जहाँ मुख्य अभियंता दोडके की अध्यक्षता में समापन समारोह हुआ। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाने वाला रहा, बल्कि कर्मचारियों में एकता और समर्पण की भावना को भी मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ। इस अवसर पर महावितरण की संचालक (ग्राहक व्यवहार) अ‍ॅड. गौरी चंद्रायण, अधीक्षक अभियंता अमित परांजपे, संजय वाकडे, मंगेश वैद्य और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। मैराथन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। विशेष रूप से, प्रकाश भवन में वोकॉर्ट हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों के रक्तचाप और रक्त शर्करा की जांच की गई।

# दिग्रस में मिला दुर्लभ पीले चट्टों वाला कवड्या सांप

## >एम एच 29 हेल्पिंग हैंडस ने दिया जिवनदान

**दिग्रस.**



दिग्रस के चिंचोली गांव में एक दुर्लभ सांप मिलने की घटना सामने आयी. एम एच 29 हेल्पिंग हैंडस के सदस्यों को जानकारी मिलते ही हेल्पिंग हैंडस चे दिग्रस तालुका अध्यक्ष प्रथमेश जाधव और उनके सहयोगी सर्पमित्रों ने घटनास्थल का रुख किया. घटनास्थल पर पहुंचने के बाद ( येल्लो स्पोटेड वोल्फ स्नेक) याने पीले चट्टे वाला दुर्लभ कवड्या साप उन्हें मिला. एम एच 29 हेल्पिंग हैंडस यवतमाल शाखा दिग्रस के सर्पमित्रों ने अपना कौशल दिखाते हुए उस सांप को न सिर्फ सुरक्षित तरीक़े से बचा लिया बल्कि इसकी सूचना वनविभाग से साझा की. एम एच 29 हेल्पिंग हैंडस के महाराष्ट्र संस्थापक अध्यक्ष निलेश मेश्राम ने बताया कि, यह पूरी तरह से बिन विषैला दुर्लभ सांप है, जो अक्सर रात में निकलता है. यह सांप मुख्यतौर पर छिपकली, गिरगिट अथवा उनके अंडों को अपना भक्ष्य बनाता है. देखने मे यह सांप मणियार जाती के सांप जैसा नजर आता है. उसके शरीर पर पीले रंग के चट्टे (बिंदु) होते है. इस सांप की लंबाई लांबी 30 ते 60 सेंटीमीटर अंदाजन डेढ़ से दो फिट होती है. चिंचोली गांव में मिले पीले रंग के कवड्या सांप की लंबाई 14 इंच है. एम एच 29 हेल्पिंग हैंडस यवतमाल शाखा दिग्रस के सर्पमित्रों (पदाधिकारियों) ने वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय राउत, वनविभाग कर्मी प्रकाश जाधव को सांप को सौंपा, जिसके बाद उस सांप को निसर्गमुक्त किया गया. इस मौके पर निशांत बंसोड, राहुल रोडे, आशिष भस्मे, विजय कांबले, संकेत ढोरे, रुपाली खीराड़े, सुनील तायडे उपस्थित थे. इस मौके पर एम एच 29 हेल्पिंग हैंडस की ओर से रिहायशी इलाकों में कहीं भी सांप अथवा रेंगने वाले जीवजंतु दिखाई देते है तो उन्हें न मारने या चोंट न पहुंचाने का आवाहन करते हुए इसकी सूचना देने के लिए 7038030312 इस मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का आवाहन किया गया है.

# वाहन चोरी के 2 मामलों का खुलासा

## छह आरोपियों को दबोचा, तीन बाइकें बरामद

**नागपुर.**



वाहन चोरी विरोधी पथक ने दो अलग-अलग मामलों में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई तीन दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। यह कार्रवाई नागपुर ग्रामीण और पिंपरी चिंचवड पुलिस की संयुक्त जांच के आधार पर की गई।

नागपुर ग्रामीण के देवलापार थाना क्षेत्र में दर्ज वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को धर दबोचा है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दानिश शब्दर पठाण (उम्र 20 वर्ष), मोहम्मद कैफ हसमुद्दीन अंसारी (उम्र 20 वर्ष), और शेख सलीम शेख चांद (उम्र 19 वर्ष) के रूप में हुई है। ये सभी यशोधरा नगर स्थित वनदेवी नगर झोपड़पट्टी के निवासी हैं। इनके पास से दो चोरी की गई बाइकें बरामद की गई हैं।

**दूसरी कार्रवाई :** इसी पिंपरी चिंचवड के भोसरी थाना क्षेत्र में दर्ज वाहन चोरी के एक अन्य मामले में भी तीन अन्य आरोपियों को नागपुर में ही गिरफ्तार किया है। ये आरोपी अभिषेक उर्फ बाबा अजबराव पटले (उम्र 22 वर्ष), साहिल उर्फ सुल्लू नासीर खान (उम्र 20 वर्ष), और रोहित उर्फ बब्बी विजय शर्मा (उम्र 25 वर्ष) हैं। ये सभी गोंदिया के रामनगर थाना क्षेत्र स्थित रामनगर के निवासी बताए जा रहे हैं। इनके पास से एक हीरो स्प्लेंडर बाइक (क्रमांक एम एच-14- डीपी-3618) जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 70,000/- बताई जा रही है। इन दोनों मामलों में पुलिस ने कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से तीन दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों की वैद्यकीय जांच कराकर उन्हें तथा जब्त वाहनों को संबंधित पुलिस थानों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।

# हनुमान लोक में आध्यात्मिक और भव्य गर्भगृह निर्माण

## >महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**सौंसर.**



जाम सांवली चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर, हनुमान लोक के न्यास कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर अजय देव शर्मा ने की। बैठक का उद्देश्य हनुमान लोक को एक अद्वितीय आध्यात्मिक तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रगति की समीक्षा करना और भव्य गर्भगृह निर्माण की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करना रहा।

बैठक में यह संकल्प लिया गया कि हनुमान लोक केवल एक मंदिर न होकर, श्री हनुमान जी के जीवन, शक्ति और भक्ति से प्रेरणा लेने का केंद्र बनेगा, जहां श्रद्धालुओं को दर्शन के साथ आत्मिक शांति व आध्यात्मिक अनुभव भी प्राप्त हो सके। चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर परिसर को एक अद्वितीय आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेज़ी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। हाल ही में हनुमान लोक न्यास कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अधीक्षण यंत्री राजीव श्रीवास्तव, आर्किटेक्ट संगीता वैश्य (नई दिल्ली) और आईआईटी इंदौर के प्रो. द्विवेदी ने मिलकर हनुमान लोक की भावी योजना का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर अजय देव शर्मा ने कहा कि यह स्थान केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां श्रद्धालुओं को दर्शन, आत्मिक शांति और भक्ति का गहरा अनुभव प्राप्त हो। विशेष आकर्षण के रूप में, अयोध्या की तर्ज़ पर नागर शैली में भव्य गर्भगृह और मंदिर निर्माण की रूपरेखा पर चर्चा हुई।

इस मंदिर का शिल्प और वास्तु ऐसी होगी जो न केवल दर्शनीय होगी, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र भी बनेगी। संस्थान ने दूरदर्शिता के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम पहुंच, पर्यटन विकास, और सर्वांगीण आध्यात्मिक अनुभव को ध्यान में रखते हुए अनेक सुझाव साझा किए हैं। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हनुमान लोक का हर पहलू भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को सशक्त और दिव्य अनुभव से परिपूर्ण बनाए।

**श्री हनुमान जी की लीलाओं का सजीव चित्रण :** इस परियोजना का मूल संकल्प एक अद्वितीय और व्यापक आध्यात्मिक परिसर का निर्माण करना है। प्रस्तावित निर्माण कार्यों में श्री हनुमान जी के बाल्यकाल की मनमोहक लीलाओं से लेकर उनकी अतुलनीय महिमा और अप्रतिम पराक्रम को विस्तृत रूप से दर्शाने पर विशेष जोर दिया गया है। यह पहल भक्तों को श्री हनुमान जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं से गहराई से जोड़ने और उनकी भक्ति को दिव्यता के नए सोपान तक ले जाने का एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगी।

यह आध्यात्मिक यात्रा भक्तों को श्री हनुमान जी के आदर्शों और त्याग की अनुभूति कराएगी। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, अनुविभागीय अधिकारी एवं प्रशासक न्यास श्री सिद्धार्थ पटेल, मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा , उपाध्यक्ष संतोष डवरे , सचिव टीकाराम कारोकर सहकोषाध्यक्ष मनोहर शेलकी जी, ट्रस्टी अजय धवले, मोहन ताजने, नीलेश खंडाईत एवं आर्किटेक्ट नितिन बागानी सहित अन्य गणमान्य ट्रस्टीगण उपस्थित रहे। सभी ने इस पुनीत कार्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**हनुमान लोकः शांति, भक्ति और प्रेरणा का प्रतीक :** हनुमान लोक का यह विकास कार्य न केवल क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि यह एक ऐसे तीर्थ के रूप में भी उभरेगा जो शांति, भक्ति, सेवा और प्रेरणा का शाश्वत प्रतीक होगा। यह स्थान आने वाले समय में लाखों श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनेगा और उन्हें श्री हनुमान जी के गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करेगा।

# उमेश राठौड़ को मिला 'महाधन योद्धा पुरस्कार'

## कपास की खेती में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला सम्मान

**यवतमाल.**



यवतमाल जिले के काटी गांव के प्रगतिशील किसान उमेश राठौड़ को कपास की खेती में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित 'महाधन योद्धा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार एक भव्य किसान सम्मेलन में प्रदान किया गया, जो काटी गांव में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में स्थानीय किसानों के साथ-साथ महाधन एग्रीटेक लिमिटेड के अधिकारी भी उपस्थित थे। यह पुरस्कार महाधन एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा उन किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है, जो वैज्ञानिक और उन्नत कृषि पद्धतियों के माध्यम से खेती में नवाचार ला रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त करते हुए उमेश राठौड़ ने बताया, महाधन के क्रॉपटेक 8:21:21 उर्वरक ने मेरी कपास की फसल में जबरदस्त सुधार दिखाया। पौधे अधिक स्वस्थ थे, शाखाएं ज्यादा थीं और गुच्छों की संख्या भी बढ़ी थी। इससे मेरी उपज में लगभग 15% की बढ़ोतरी हुई और आमदनी में इज़ाफा हुआ।" महाधन का यह उर्वरक अपनी न्यूट्रिएंट अनलॉक टेक्नोलॉजी के लिए जाना जाता है, जो किसानों को बेहतर उपज के साथ-साथ उर्वरक लागत में भी कमी लाने में मदद करता है। यह टेक्नोलॉजी किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। महाधन एग्रीटेक लिमिटेड के सीईओ श्री नरेश देशमुख ने इस अवसर पर कहा, महाधन किसानों को उन्नत और फसल-विशिष्ट उर्वरक समाधान प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य खेती को ज्यादा उत्पादक, लाभदायक और टिकाऊ बनाना है।" महाधन योद्धा पुरस्कार आधुनिक और वैज्ञानिक खेती में किसानों की उत्कृष्टता और समर्पण को सम्मानित करता है, जो महाराष्ट्र के प्रगतिशील किसानों के साथ कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महाधन एग्रीटेक लिमिटेड, डीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। यह कंपनी खेती के क्षेत्र में नवाचार और समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी संस्था है, जो किसानों को बेहतर उत्पादों और तकनीकों के माध्यम से उच्च उत्पादन और सतत खेती सुनिश्चित करने में मदद करती है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 140-5 | 467-7 |
| श्रीदेवी नाईट | 168-5 | 358-6 |




